**सीएम डैशबोर्ड पर फीरोजाबाद की रैंकिंग के संबंध में स्पष्टीकरण**

**अमर उजाला, उत्तर प्रदेश के फीरोजाबाद ई-पेपर में प्रकाशित समाचार** के संदर्भ में अवगत कराना है कि जनपद फीरोजाबाद **जल जीवन मिशन फेज-4** के अंतर्गत *सतही जल स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना* में सम्मिलित है, जिसके विभिन्न कार्य वर्तमान में निर्माणाधीन हैं।

सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग में **FHTC (Functional Household Tap Connection)** की स्थिति का महत्वपूर्ण योगदान है। जनपद में वर्तमान में **FHTC से संबंधित कार्य प्रगति पर हैं**, परंतु किसी FHTC को वास्तविक रूप से *Functional* करने हेतु संबंधित **WTP, जल शोधन, पंपिंग, पाइपलाइन नेटवर्क एवं अन्य संबद्ध अवसंरचनात्मक कार्यों का पूर्ण होना तथा तत्पश्चात नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारंभ होना आवश्यक है।**

चूंकि फीरोजाबाद फेज-4 की योजना **सतही जल स्रोत आधारित एवं वर्तमान में निर्माणाधीन** है, इसलिए WTP एवं अन्य आवश्यक संबद्ध कार्यों के पूर्ण होने से पूर्व FHTC को पूर्णतः Functional दर्शाते हुए उसकी फीडिंग किया जाना व्यावहारिक नहीं है। इसी कारण वर्तमान समय में FHTC की फीडिंग में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं हो पा रही है, जिसका प्रभाव **सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग** पर दिख रहा है।

योजना के अंतर्गत सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। **WTP एवं अन्य आवश्यक संबद्ध कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की नियमित आपूर्ति प्रारंभ कर FHTC को विधिवत Functional करते हुए उसकी फीडिंग की जाएगी।**

**जल जीवन मिशन का उद्देश्य केवल नल कनेक्शन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार को नियमित, पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना है।**